Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 30-03-2022 | अंक 182

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

### पारामेडिकल क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं



डॉ अनिल कुमार

आज जहाँ रोजगार के अवसर रेलवे, बैंकिंग एवं अन्य सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों में तेजी से घटते जा रहे हैं वहीं हेल्थ सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों का सृजन हुआ है। हमारे देश मे लाखों निबंधित निजी और सरकारी अस्पताल हैं और 90 प्रतिशत में स्किल्ड मैन पावर की बहुत कमी है। तो इस क्षेत्र में नर्सिंग, लैब टे. क्नीशियन, ड्रेसर, ओ टी सहायक के पद पर नौकरी की अपार मौके हैं। निजी और सरकारी संस्थान है जहां सर्टिफिकेट कोर्स, और डिप्लोमा के कोर्स कराये जाते है और यहाँ से पास करके सरकारी और निजी स्वास्थ्य महकमे मे ग्रामीण इलाकों में निजी हॉस्पिटलों में भी में 10 से 20 हज़ार की नौकरी मिल जा रही हैं। सीनियर नर्स को 40से 60 हज़ार तक का वेतन मिलता है। 3 वर्ष का GNM का कोर्स है और कोर्स पूरा करने के बाद बहाली सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (CHO) पद पर होती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में बड़ी संख्या में प्रखंड से ले कर जिला स्तर पर प्रोग्राम मैनेजर, संगणक के बहुत सारे पद सृजित है जिन पर मैनेजमेंट और कंप्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स किये हुए जिसमे छात्रों की नौ. करी मिल रही है। 10 + 2 किये हुए छात्रों के लिए पारामेडिकल क्षेत्र में स्वरोजगार, सरकारी एवं निजी हॉस्पिटलों में बहुत अवसर उपलब्ध है। अधिक जानकारी राज्य के स्वास्थ्य के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## नो लिमिट फिटनेस सेंटर का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



जीम का उद्घाटन करते पूर्व विधायक मनोज यादव

बरही गया रोड स्थित यूको बैंक के समीप बुधवार को नो लिमिट फिटनेस सेंटर (जिम) का शुभारंभ हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस बाबत पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जिम सेंटर खुलना बरही के लोगो के लिए स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिकोण से काफी बेहतर पहल है। बरही के युवाओं एवं अन्य लोगो में भी फिट एवं तंदुरुस्त रहने की भावना जागृत होती है। जिम सेंटर के संचालक शशी शेखर एवं विवेक राजपूत ने बताया कि बरही वासियों के फिटनेस का ख्याल रखते हुए यह जिम सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के सभी लोग आकर उचित मूल्य में अपना फिटनेस का गुर सीख सकते है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, समा. जसेवी सह आरएनवाईएम डिग्री क०लेज सचिव परमेश्वर यादव, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, मि. थलेश सिंह, ज्योतिष यादव, भावी मुखिया प्रत्याशी राज. कुमार केशरी, गोपाल राणा, राजदेव गोप, इंदरदेव सिंह, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, सचिन यादव, संजय गोप, पिंटू यादव, अमित सिंह, पिंटू ठाकुर, युवा व्यवसायी मनोज राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

# महिला चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप, एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोनरा दरगाह मुहल्ला निवासी मो शाहनवाज पिता मो मिनहाज ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक ड० अनुभा कुमारी पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस बाबत एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में बताया कि पिछले 3 मार्च को वो अपनी गर्भवती पत्नी को दिखाने बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया था। जहां ड० अनुभा कुमारी ने उनका चेकप किया। लेकिन चेकप के दौरान उन्होंने बताया कि अभी समय नही हुआ है। होली के बाद बच्चा होगा। फिर मैं वापस आ गया। 11 मार्च को पुनः तेज दर्द होने लगा तो मैंने पुनः अपनी पत्नी को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया । मौके पर मौजूद डॉ क्टर्स एवं नर्स ने फिर कहा कि बच्चा ठीक है। अभी प्रसव नही होगा। जब तेज दर्द होने लगा और प्रसव नही हो पाया तो मेरे बार बार बोलने के बाद रेफर कर दिया गया। रेफर के बाद जब अपनी पत्नी को हज़ारीबाग़ ले गया। वहां मृत बच्चा पैदा हुआ। वहां बताया गया कि 3 मार्च को ही बच्चा हो जाना चाहिए था। देर होने के कारण बच्चा पेट मे ही मर गया। शाहनवाज ने आरोप लगाया कि ड०क्टर्स की लाप. रवाही के कारण ही मेरे बच्चे की जान गई है। उन्होंने ड०क्टर्स एवं नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर ड० अनुभा कुमारी ने आरोप को नि. राधार एवं बेबुनियाद बताया है। डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि उनके पास कोई लिखित कॉम्प्लेन नही किया गया है। एसडीओ को दिए आवेदन पर ही जांच टीम का गठन कर दिया गया है। रिपोर्ट के बाद अग्रेतर कार्रवाई की

# फंदे से लटका मिला 24 वर्षीय महिला का शव, परिजनों ने ससुराल वालो पर लगाया हत्या का आरोप

## मृतक के परिजनों ने थाना में दिया आवेदन, न्याय की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



फंदे से लटका महिला का शव

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के शादी मोहल्ला निवासी अजय यादव की पत्नी गंगिया देवी ( 24)का शव बुधवार सुबह उसके कमरे से फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक महिला के मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। इस बाबत मृतक गंगिया देवी के पिता जग्गू महतो कोनहारा कला बरकट्ठा निवासी ने बरही थाना में आवेदन देते हुए बताया की मेरी बेटी गंगिया देवी का शादी तीन वर्ष पूर्व अजय यादव पिता रामसहाय यादव शादी मोहल्ला, कोनरा निवासी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के दो माह बाद से ही उसके ससुरालवालो पति अजय यादव, ससुर रामसहाय यादव, सास गोरवा देवी, अरविंद यादव, सरयू देवी एवं बतेशिया देवी मिलकर मेरी बेटी को लगातार दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे । दामाद अजय यादव ने मेरी बेटी को जान से मारने का कई बार प्रयास किया। वहीं लगातार मारपीट को देखते हुए कई बार पंचायत भी किया गया। लेकिन कुछ दिन के बाद फिर से प्रताड़ित किया जाने लगा। बुधवार सुबह 10 बजे मेरी बेटी के ससुराल के आस पड़ोस के लोगो ने मेरी बेटी गंगिया का शव फंदे से झूलते हुए होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मैं और मेरे गांव के लोग शादी मोहल्ला पहुंचा जहां अपनी बेटी को मृत पाया, और गले में रस्सी का निशान बना हुआ है। जबकि मेरी बेटी के ससुरालवालों में कोई वहां मौजूद नहीं था। साथ ही उन्होंने थाना में आवेदन देते हुए कहा की मेरे बेटी का हत्या उनके ससुराल वालों के द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा की हत्यारों को गिरफ्तार कर मुझे न्याय दिलाया जाय। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेज दी।

# संत मेरी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषिग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विद्यालय के टॉपर्स बच्चे

धनबाद रोड कोनरा बरही में संचालित संत मैरी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रत्येक कक्षा से टॉपर्स को रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य मिथलेश यादव ने ट०पर्स की घोषणा करते हुए बताया कि एलकेजी में प्रशांत यादव सलहरा, यूकेजी में उज्ज्वल यादव बेलहरा, वर्ग प्रथम में प्रियांशू कुमारी, वर्ग दूसरा में मिस्टू कुमारी मदनग. न्दी, वर्ग तृतीय में मंजू कुमारी चलंगा, वर्ग चतुर्थ में सोनम कुमारी चलंगा, वर्ग पंचम में पवन यादव चलंगा, वर्ग छठा में रोहित यादव नवादा,वर्ग सप्तम में अभिनव यादव चलंगा, वर्ग अष्टम में राहुल यादव ने ट०पर होकर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य मिथलेश यादव ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को शुभक. ामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही सभी को मेडल पहनकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि कम शुल्क में बेहतर शिक्षा मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## लसकरी रामनवमी पूजा के अध्यक्ष बने सोबरन प्रजापति वा सचिव बने प्रदीप रजक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में शिव मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पूजा का बैठक प्रदीप रजक के अध्यक्षता में मंगलवार रात्रि में बैठक किया गया। जिसमे रामनवमी पूजा के अध्यक्ष सोबरन प्रजापति, सचिव प्रदीप रजक एवं कोषाध्यक्ष शिवकुमार चंद्रवंशी को चुना गया। वहीं रामनवमी पूजा समिति के सचिव प्रदीप रजक ने कहा की राज्य सरकार के द्वारा दिए गए आदेशानुसार किया जाएगा। वही उपस्थित लोगो ने रामनवमी पूजा को सफल बनाने के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया। जिसमे महेंद्र रजक, सोनू पंडित, रूपलाल प्रजापति, दिनेश प्रजापति, अजय रजक, संतोष राम, उमेश राम, विजय प्रजापति, ईश्वर रजक, प्रकाश प्रजापति एवं शंभू रजक को चुना गया। मौके पर बालेश्वर प्रजापति, महेंद्र रजक, अजय प्रजापति, नरेश प्रजापति, गोपाल रजक, विक्रम कुमार, राजेंद्र प्रजा. पति, सनी कुमार, अनिल रजक, उदित कुमार, राजेश प्रजापति, रामसागर कुमार, उगन रजक, केशर प्रजा. पति, शंकर कुमार, अभय कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, विकास कुमार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार एवं सुजल कुमार मौजूद थे।

## फिजिकल एकेडमी बरही ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन, लडको में रोहित एवं लड़कियों ने नंदनी ने मारी बाजी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पटना रोड में स्थित कोबरा गेट के समीप रामनगर क्रिकेट मैदान के सामने संचालित फिजिकल एकेडमी बरही की और से बुधवार को 30 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ का आयोजन कोबरा गेट के समीप रामनगर मैदान में किया गया। जिसमे कुल 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया, वही लड़को में रो. हित कुमार ने 30 किमी की दौड़ 3 घंटा 25 मिनट में पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किए, वही दूसरा स्थान धीरन कुमार एवं तीसरा स्थान सुनील कुमार ने प्राप्त किया। वहीं लड़कियों में प्रथम स्थान नंदनी कुमारी ने 15 किमी की दौड़ मात्र 2 घंटा में पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त की, वहीं दूसरा स्थान रानी कुमारी एवं तीसरा स्थान मनीषा कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं फिजिकल एकेडमी के निदेशक विकाश कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल से फिजिकल एकेडमी बरही द्वारा न्यू बेंच का शुभारंभ किया जायेगा। जिसमे उत्पात पुलिस का क्लास 4 घंटा का करवाया जाएगा साथ ही सभी विषयों का भी पढ़ाई कराया जाएगा। मौके पर पवन कुमार, धीरेंद्र कुमार, विशाल कुमार, बंटी कुमार, मुकेश कुमार, रोहित कुमार, धीरन कुमार, शंभू कुमार, दीपक कुमार, अमन कुमार, आयुष कुमार, पंकज कुमार, सूरज कुमार, सौरव कुमार, कुलेश्वर कुमार एवं लड़कियों में प्रियांशु कुमारी, पूनम कुमारी, रूबी कुमारी, रौशनी कुमारी, सुजिता कुमारी, बबली कुमारी, प्रिया कुमारी, पिंकी कुमारी, काजल कुमारी, रानी कुमारी, संध्या कुमारी, शीतल कुमारी एवं राजवंती कुमारी मौजूद थे।




## बच्चो के अनुपात में पर्याप्त प्रश्नपत्र नही उपलब्ध कराया है शिक्षा विभाग, 31 मार्च से है परीक्षा, विद्यालय प्रबंधन असमंजस में

### परीक्षा के नाम पर खाना पूर्ति कर रही है सरकार: मथुरा प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मथुरा प्रसाद

झरखण्ड में वर्ग तीसरा से सप्तम के बच्चो की वार्षिक परीक्षा 31 मार्च से शुरू होने जा रही है। परीक्षा जेसीआरटी के माध्यम से कराई जा रही है। इसमे वर्ग तीसरा से चौथा तक के बच्चो को प्रश्नोत्तर पुस्तिका के माध्यम से और वर्ग पंचम से सप्तम के विद्यर्थियो को ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा ली जाएगी। लेकिन विद्यालय को भेजे गए प्रश्नपत्र एवम ओएमआर शीट बच्चो के अनुपात में नही दिया गया है। ऐसे में विद्यालय के शिक्षकों को समझ मे नही आ रहा है कि आखिर बच्चो की परीक्षा कैसे ली जाय। अखिल झरखण्ड प्रथमिक शिक्षक संघ के बरही प्रखण्ड सचिव मथुरा प्रसाद ने सरकार के द्वारा इस तरह की परीक्षा लेने की व्यवस्था को अब्यवहा. रिक बताते हुए विरोध जताया है। उन्होंने बताया कि 2019 में छपा प्रश्नपत्र ही अभी भेजा जा रहा है। 2019 में जो बच्चो की संख्या थी। वही भेज गया है। जो छात्र के अनुपात में नही है। आधा से भी कम प्रश्नपत्र दिया गया है। जिससे शिक्षको के समक्ष विचित्र समस्या उत्पन्न हो गई है कि किस बच्चे को प्रश्नपत्र दिया जाय और किसे वंचित किया जाय। अखिल झरखण्ड प्राथमिक शिक्षक सांघ ने प्रयाप्त संख्या में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की मांग की है।

## शहर में सड़क जाम की समस्या पर जदयू नेता राकेश गुप्ता ने उठाया आवाज

### कहा कि ट्रेफिक नियमों का दस प्रतिशत भी शहर में अनुपालन नहीं हो रहा है

**अपेम लाइव : ओरिया**



जनता दल युनाइटेड के प्रदेश सचिव सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने बुधवार को शहर के कई मामले को लेकर जिला प्रशासन से आवाज उठाया। इस मौके पर राकेश गुप्ता ने बतलाया कि शहर में लग रहें जाम, बिना हेलमेट व ट्रेफिक नियमों का धज्जियां उडाया जा रहा। सड़क दुर्घटना का भी लोग शिकार हो रहें हैं। शहर में जाम रहने से एक-दो घंटे लोग जाम में फंस रहे हैं। नियमित समय पर लोगों का कार्य भी बाधित हो रहा है। ट्रेफिक नियमों का दस प्रतिशत भी शहर में अनुपालन नहीं हो रहा है। उन्होंने बतलाया कि जाम की एक प्रमुख वजह अतिक्रमण और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन भी हैं। जगह-जगह वाहनों को खड़ा कर सवारी भी भरी जाने लगती है। इससे भी परेशानी बढ़ जाती है। संसाधनों के अभाव में यातायात पुलिसकर्मी जाम खुलवाते तो दिखाई देते हैं। लेकिन इससे ज्यादा असर नहीं पड़ता। इसी जाम में रोजाना अधिकारियों के वाहन भी फंसते हैं, इसके बाद भी इसके निवारण के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूज़पेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।


——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस





फिजिकल और रिटेन दोनों की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है,

संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली

की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## लंगातु में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का हुआ भूमि पूजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांवरू प्रखंड के लंगातू में 12 अप्रैल से 16 अप्रैल तक होने वाले श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन चाणक्या आईएएस अकैडमी के उपाध्यक्ष विनय मिश्रा एवं जीएम रीमा मिश्रा भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा व अन्य के द्वारा किया गया। पूजा उपरांत बजरंगबली का ध्वजारोहण कर आरती की गई तथा महायज्ञ मंडप के लिए भूमि का नींव दिया गया। लंगातू गांव शुद्धीकरण हेतु ध्वज के साथ गांव का भ्रमण किया गया। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्णा ओझा ने बताया कि 12 से 15 अप्रैल तक मुख्य प्रवच. नकर्ता के रूप में उत्तर प्रदेश मिर्जापुर के आचार्य धर्मराज शास्त्री अपना प्रवचन देंगे। वहीं, 16 अप्रैल को भक्ति



ध्वजारोहण करते श्रद्धालु

जागरण के लिए सुप्रसिद्ध भजन गायक विक्की छावड़ा का आना तय हुआ है। महायज्ञ कार्यक्रम में अपना योगदान देने वालों में मुख्य रूप से मार्गदर्शक चाणक्य आईएएस अकैडमी के सक्सेस गुरु अरुण कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष विनय मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा,संयोजक अनिल मिश्रा, अध्यक्ष कृष्णा ओझा, उपाध्याय संजीत मिश्रा, सचिव राम किशोर राम, उपसचिव सदानंद तिवारी, कोषाध्यक्ष शंकर ओझा, उप कोषाध्यक्ष विकास ठाकुर, संरक्षक लखेश्वर मिश्रा, जगदीश मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, महामंत्री नवीन मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मनोरंजन मंत्री पंकज मिश्रा, संगठन मंत्री सुभाष ओझा, संतोष पांडे, बुधन तुरी, उपेंद्र नाथ मिश्रा, अंशु दुबे, योगेंद्र मिश्रा, रंजीत मिश्रा, शिव ओझा, अजय तिवारी, कंचन मिश्रा, विरेंद्र ओझा, पवन मिश्रा, सुजीत मिश्रा, कौशल मिश्रा, बैजनाथ भुइंया, राजेश राम, दीपक मिश्रा, विक्की ओझा, शिव शंकर ठाकुर, राकेश मिश्रा के अलावा दर्जनों लोग हैं।




## एनटीपीसी आईटीआई से उत्तीर्ण एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 69 विद्यार्थियों का कराया गया कैम्पस प्लेसमेंट

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

एनटीपीसी आईटीआई में रा. ेजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों जैसे पियागो अ०टो, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, बडवे इंजीनियरिंग, बिरला ग्रुप जैसी मल्टीनेशनल कंपनी के द्वारा इंटरव्यू लेकर विद्यार्थियों का चयन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट में कुल 71 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें से 69 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इंटरव्यू में चयन के उपरांत कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा छात्र छात्राओं को अ०फर लेटर दिया गया। कंपनी 'ब।प्ज' के तरफ से आए हुए एचआर कमलेश धोटे और रंजीत कुमार ने छात्रों की स्किल की तारीफ की।रोजगार मेला के मुख्य अतिथि एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक एमव. ीआर रेड्डी ने कहा कि एनटीपीसी का सपना है कि बड़कागांव के युवाओं के हा. थों में रोजगार हो और सभी युवा हुनरमंद बने आगे कहा कि शिक्षा का संबंध विकास से होना चाहिए एवं इस संस्थान में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग की आवश्यकता पड़े तो एनटीपीसी हमेशा मदद करने के लिए तैयार है। कार्यकारी निदेशक ने नए चयनित अभ्यर्थियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर परियोजना के आरएनआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक देवराज, आईटीआई क०लेज प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय, अनुदेशक मो0 इरफान, प्रदीप कुमार एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहें।



रोजगार मेला में उपस्थित छात्र

## शिक्षा से ही पूर्ण हो सकती है शांतिपूर्ण वैश्विक नागरिकों की जरूरत : पद्मावती मुथ्याला

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की जागृति महिला संघ की अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला ने नवाडीह गाँव के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग, किताब, क०पी का वितरण किया। गाँव के बच्चों के शारी. रिक विकास के लिए खेलकूद के सामान भी महिला समिति के सदस्यों ने बच्चों के बीच वितरण किया ताकि बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। श्रीमति मुथ्यला ने बच्चों के अभिभावकों को अपने संबोधन में कहा की "दुनिया को नैतिक रूप से मजबूत और शांतिपूर्ण वैश्विक नागरिकों की जरूरत है, और वो सिर्फ बेहतर शिक्षा से ही पूर्ण हो सकती है। महासचिव वंदना बिहारी ने अभिभावकों से बात करते हुए कहा की 21वीं सदी में माता–पिता का ध्यान न केवल बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर बल्कि लोगों के कौशल, जीवन कौशल और बच्चों के नैतिक मूल्यों पर भी होना चाहिए। कार्यक्रम में एनटीपीसी परियोजना के अपरमहाप्रबंधक असीम मिश्रा उपमहाप्रबंधक प्रभाकर चौधरी, जागृति महिला संघ की सदस्य दीपिका चौहान, प्रियम सिंह, रामदुलारी टुडु, अनुराधा महतो एवं स्कूल के अध्यापक भी उपस्थित थे।








सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मोदी केयर की 26वीं वर्षगांठ मनाई गई, स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर जोर दिया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉंव**
**अमित मालाकार**



केक काटते मोदी केयर के लोग

बड़कागांव विश्रामपुर पुल के समीप संचालित मोडीकेयर डीपी में मोदी केयर की 26वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर डायरेक्टर तुलेश्वर प्रसाद व संचालन डीपी अ०नर अजय प्रसाद दांगी ने किया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से केक काट कर एक दूसरे बधाई दी गई। मौके पर उपस्थित डीपी संचालक अजय प्रसाद दांगी ने कहा कि समीर मोदी आजादी प्लान के तहत शसोच बदलो, खुद बदलो और दुनिया बदलोश का स्लोगन दिया। मोदी केरियन दुकान बदलने के साथ अच्छे इनकम कर रहें है और अपना भविष्य को सुनहरा बना रहे हैं। वर्षगांठ के मौके पर शिक्षक सह मोदी केयर के डायरेक्टर ओम प्रकाश सोनी ने कहा कि स्वदेशी अपनाएं और देश बचाएं। आज लोग बाहरी चमक-दमक के प्रभाव में आकर स्वदेशी चीजों से दूर होते नजर आ रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देना चाहिए। लगातार मोदी केयर के प्रोडक्ट का प्रयोग कर रहे शिक्षक सुबोध कुमार र०य ने कहा कि मोदी केयर के जितने भी प्रोडक्ट्स हैं वे सभी लाभप्रद एवं स्वास्थ्यवर्धक हैं, हम सभी को स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की ओर लौटना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश सोनी, सुबोध कुमार राय, अजय प्रसाद दांगी, महेंद्र प्रसाद दांगी, तुलेश्वर प्रसाद, हेवंती कुमारी, प्रियांशु कुमारी, शिवा प्रसाद और तुलसी प्रसाद के अलावा दर्जनों मोदी केरियन उपस्थित थे।

## राम नवमी त्योहार को लेकर पिहरा में शांति समिति की बैठक आयोजित


**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत कार्यालय में बुधवार को आगामी राम नवमी त्योहार के मद्देजनर शांति समिति की बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान मॉ सबदर अली की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार उपस्थित थे। इस दौरान विगत होली त्योहार की समीक्षा भी की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। कहा गया कि हर समाज मे कुछ नासमझ किस्म के लोग होते जो छोटी मोटी गलतियां करने का प्रयास करते है इसलिए हमलोगों को वैसे लोगो पर नजर रखने की जरूरत है ताकि आपसी भाईचारा और सौहार्द बनी रहे। थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कहा कि आगामी रामनवमी त्योहार के दौरान किसी भी क्षेत्र से नया जुलूस निकालने की अनुमति नही है। साथ ही जुलूस के दौरान कोई भी नया रूट( रास्ता) का प्रयोग नही किये जाने का सख्त निर्देश है। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र से कोई नया जुलूस निकालना चाहते है तो पहले अनुमति और लाइसेंस लेना होगा तभी निकाल सकते अन्यथा जुलूस नही निकाल सकते है। मौके पर पूर्व मुखिया केशव प्रसाद यादव, मॉ आलिम अंसारी, सौदागर साव, मोफिज आलम, आनंदी यादव, मॉ अय्यूब, राज कुमार सिंह, गुलाम सरवर, नागेश्वर साव, मनोज गुप्ता, हाफिज हैदर अली, रामदास लाल, मॉ छोटू, अयोध्या प्रसाद यादव, गुलाम रसूल आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह में 2 साल बाद निकलेगी सरहुल और रामनवमी की शोभायात्रा, सीएम हेमंत सोरेन ने दी हरी झंडी


**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**रोहीत कुमार**




कोरोना की वजह से वर्ष 2020 व 2021 में सरहुल और रामनवमी की शोभायात्रा नहीं निकल सकी थी। लेकिन झारखंड में इस बार दो वर्षो के बाद सरहुल और रामनवमी की शोभायात्रा निकलेगी। इसकी तैयारी राज्य सरकार कर रही है। इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। अब मुख्य सचिव इसके लिए एसओपी जारी करेंगे। इस बार कोविड गाइडलाइन की कुछ पाबंदियों के साथ शोभायात्रा निकालने की अनुमति राज्य सरका रदेगी। इसके तहत मास्क लगाना आवश्यक होगा। साथ ही कोविड गाइडलाइन के तहत भीड़ एकत्रित करने की अनुमति होगी। बताया गया कि एक से दो दिनों में मुख्य सचिव शोभायात्रा को लेकर एसओपी जारी कर देंगे। चार अप्रैल को सरहुल और 10 अप्रैल को रामनवमी का त्योहार है। दोनों त्योहारों में शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा की अनुमति देने के अनुरोध को लेकर रामनवमी से जुड़े कई संगठन और सरहुल से जुड़ी केंद्रीय सरना समिति समेत विभिन्न आदिवासी संगठनों ने सीएम से मुलाकात की थी। सीएम ने इस पर कुछ छूट देने का आश्वासन दिया था।

## बरगंडा ,गिरीडीह में तीन दिवसीय विद्यालय स्तरीय आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



बरगंडा, गिरिडीह में तीन दिवसीय विद्यालय स्तरीय आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में03 नवीन आचार्य सहित 56आचार्य-दीदी जी ने 14 विषयों में भाग लिया। प्रधानाचार्य शिवकुमार चौधरी ने नवीन सत्र में भैया-बहनों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित प्रज्ञा परीक्षा में कुल 51आचार्य- दीदी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने समस्त आचार्य- दीदी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

## बहन की घर से लौट रहे सहदेव के साथ ये क्या हो गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**रोहीत कुमार**



गिरिडीह : अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद धक्का मारने वाला वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। यह दर्दनाक हादसा गिरिडीह के बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग स्थित छोटकी खरगडीहा के पास हुआ। बाइक के नंबर से युवक की पहचान हुई। वह जमुआ थाना क्षेत्र के मलुवाटांड कुरहोबिंदु निवासी सहदेव यादव है। वह अपनी बहन के घर खरियोडीह से अपने घर वापस लौट रहे थे। लौटने के क्रम में नायक पब्लिक स्कूल छोटकी खरगडीहा के समीप बेंगाबाद की ओर से आ रही अज्ञात सीमेंट लदे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में युवक का सिर बुरी तरह से कुचल गया।

## जंगल में आग लगने से जीव जंतु व मानव जीवन संकट में :- अजय सिंह

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रखण्ड के कई इलाके के जंगलों में आग लगनी शुरू हो गयी है। जंगलों में लगी आग के कारण पेड़ और पत्थर सड़कों पर गिर रहे हैं। ऐसे में सड़क पर चलना भी खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि वनों में लगने वाली आग से भारी नुकसान पहुंच रहा है। एक ओर जंगल तबाह हो रहे हैं और दूसरी ओर वन्य जीवों को नुकसान पहुंच रहे हैं। जंगलों में लगी आग भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। ऐसे में एक दिन जहां वन्य जीवों की प्रजाति समाप्त हो जायेगी, वहीं दूसरी ओर जंगलों का भी नामोनिशान मिट जायेगा। जंगल में आग लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जानी जरूरी है। श्री सिंह ने कहा कि वनो में आग लगने से नुकसान ग्रामीण इलाकों के साथ ही शहर के इलाकों को भी होता है। प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाते हैं और पानी की समस्या गहरा जाती है। इसके अलावा वनों, वन्य जीव-जन्तुओं, पारिस्थितिक तंत्र और पर्यावरण को बहुत नुकसान होता है। कहा कि वनों में आग प्राकृतिक और मानव गतिविधियों के कारण लगती है, मगर दोनों ही कारणों से सैकड़ों एकड़ का वन क्षेत्र प्रभावित हो जाता है। जहां वनों से लघु वन उपज एकत्रित करने वाले ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान होता है, वहीं इमारती लकड़ी से राज्य सरकार को मिलने वाला राजस्व भी प्रभावित होता है। प्राकृतिक कारणों से लगी आग की तुलना में 95 प्रतिशत आग की घटनाओं का संबंध मानव समुदाय से रहता है। मानव अपनी सोच और व्यवहार में सुधार लाकर वनों को आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि वनो में लग रही आग के लिए मानव दोषी है। जो लोग वनो में आग लगाकर अपना फायदा समझते हैं, उन्हें यह मालूम नहीं है कि जंगलों में लगी आग का नुकसान हर व्यक्ति को उठाना पड़ता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि वनकर्मी अपने कार्यशैली में बदलाव लावे व वनो में आग लगाने वाले लोगों को वन के विषय में बताकर जागरूक किया जाए व जो जागरूकता के बाद भी अगर कोई आगलगी का कार्य करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवायी करे । उक्त संबंध में पूछे जाने पर वनरक्षी पवन कुमार ने बताया कि हमलोग लोगो के बीच जागरूकता फैलाते हुए वन के फायदे के विषय में बता रहे हैं। महुआ चुनने वाले लोगो को भी आग लगाने से मना किया गया है। अगर फिर भी कोई आग लगाते हैं और पकड़े गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गांवा में पेय जलापूर्ति ठप, पेयजल के लिए परेशान है ग्रामीण

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा गिरीडीह : प्रखंड मुख्यालय के लगभग एक दर्जन गांवों के लोगों को स्वच्छ पानी पीने के लिए लगाई गई पानी टंक शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। जिसमे लगभग एक या दो माह में मोटर की समस्या से यह जलापूर्ति योजना बंद हो जाती है। इस व्यवस्था पर आधारित लोगों को पानी सप्लाई बंद होने से परेशानी होती है। पीने के पानी को लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ रही है। प्रखंड मुख्यालय के समीप एक लाख गैलेन क्षमता वाली पानी टंकी से मुख्यालय के गांवा पटना माल्डा नगवा बीरने अमतोरो आदि कई गांवों को जोड़ा गया था। जहां सुबह शाम दोनों समय पानी सप्लाई होना है। इसके लिए हजारों लोगों को कनेक्शन भी पीएचईडी विभाग द्वारा दिया गया है। कुछ जगहों पर सार्वजनिक टोटी भी लगी है। मगर टोटी का उपयोगिता चालू नही किया गया है इतनी जगहों पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा इंजीनियर को लेकर चार कर्मचारियों की नियुक्ति है। फिर भी यह जलमीनार लोगों को दगा दे रही है। अक्सर पानी सप्लाई के समय में ही यह समस्या खड़ी हो जाती है। गांवा थाना क्षेत्र के नगवा के उपभोक्ता मो इलियास, मो साबिर, मो साहिद ,आदि कई उपभोक्ताओं ने बताया कि हमलोगों की सारी पेयजल की व्यवस्था इसी जलम. ीनार पर निर्भर है। फिर भी कई दिनों से जलापूर्ति ठप है। लेकिन विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि इसकी शिकायत कई बार विभाग को की जा चुकी है। लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हो सका। अब तो हमलोग पानी के लिए दूसरे के घर जा कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। संबंध में पूछे जाने पर इस संबंध में पूछे जाने पर विभागीय कनीय अभियंता जहेंद्र भगत ने कहा कि 11000 का तार गिर जाने से दोनो मोटर जल गया था जिसे जल्द ठीक कर पुनः जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू किया जाएगा।

## एफ सी आई चावल को कालाबाजारी कर गाड़ी से उतारते ड्राइवर को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**





बिरनी प्रखंड में आने वाला एफ़ सी आई चावल को कालाबाजारी ने गाड़ी से उतारते ड्राइवर को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा। ज्ञात हो कि गाड़ी संख्या JH02X 3663 में एफ सी आई का लगभग 500 बोरा चावल सरिया गोदाम से बिरनी एफ़ सी आई गोदाम के लिए रात के लगभग 10रू30 बजे आ रहा था। इसी बीच रास्ते में बराकर नदी पुल के समीप जवान फ्यूल्स पेट्रोल पंप के पास ड्राइवर व खलासी द्वारा चावल उतारा कर कालाबजारी किया जा रहा था । इसी वक्त बिरनी थाना प्रभारी शर्मानन्द सिंह पेट्रोलिंग के दौरान ड्राइवर तथा खलासी को गाड़ी से उतारते चावल बेचने को बेचते हुवे रंगे हाथ पकड़ा। थाना प्रभारी ने गाड़ी के ड्राइवर व् खलासी को उसी वक्त थाना लाकर बंद कर दिया। रात का समय होने के कारण चावल से भरी गाड़ी को बगल के जवान फ्यूल्स पेट्रोल पंप में खड़ी कर दी गई। बिरनी में भ्रष्टाचार का अड्डा बना बिरनी प्रखंड पीडीएस चावल का संबंधित अधिकारियों के छत्रछाया में हो रहा है कालाबाजारी और बिरनी प्रखंड की गरीब जनता आस लगाए बैठी है आखिर कब मिलेगा चावल लेकिन चावल तो रास्ते में बिक जाता है तो क्या अब चावल बेचकर गरीब जनता के पास पैसा पहुंचाया जाएगा इस संबंध में एमओ ने कहा कि ट्रक को जप्त कर लिया गया है।इसमे जांच कर बिधिगत करवाई की जायेगी

## पीएम आवास समेत विभिन्न योजनाओं का किया गया समीक्षात्मक बैठक, दिए कई निर्देश

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांव प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक प्रसाद के अध्यक्षता में सभी पंचायत के पंचायत सेवकों, रोजगार सेवक एवं स्वयंसेवकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला समन्वयक अधिकारी अनिल कुमार व जिला परियोजना पदाधिक. ारी पंकज कुमार उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि विभिन्न योजनाओं का समीक्षा किया गया और निर्देश दिया कि वैसे लाभुक जो पहला क़िस्त का पैसा उठाया है उन्हें 30 अप्रैल के अंदर आवास का कार्य पूर्ण करना है। वही जो दोनों किस्त का पैसा उठा लिए हैं उन्हें 15 अप्रैल तक कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी लाभुकों को मनरेगा के कार्य अनुसार पूर्ण पैसे का भुगतान किया जाए ताकि लाभुक जल्द से जल्द पूरी कार्य कर सकें। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार, पंचायत सचिव प्रभु हाजरा, विनोद राय, राजकुमार यादव, रा. जेंद्र पंडित, रोजगार सेवक नकुल राम, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, स्वयंसेवक राहुल यादव, मिथिलेश कुमार आदि दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने संगठन विस्तार को लेकर किया बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह प्रखण्ड के गादी श्रीराम पुर पंचायत के पुजहरी टोला में भाकपा माले गादी श्री राम पुर कमिटी की बैठक घनश्याम दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्. तार साथ ही साथ प्रतिनिधि के द्वारा लगातार लूट पर चर्चा साथ ही साथ जनसमस्या का निराकरण की बातें, पानी की समस्या की चर्चा भी हुई, बैठक में बिजली समस्या पर भी चर्चा हुई। बैठक में दुसरे राजनीतिक दल के कार्यकर्ता भी शामिल हुए. बैठक में बिहारी दास, पंकज कुमार दास, ट्रुपलाल दास, गणेश दास, डोमन दास, बब्लू कुमार दास, सोनू दास समेत दस नवयुवकों ने भाकपा माले का झंडा थामा. सभी नये साथियों ने पार्टी की गोपनीयता की शपथ ली. बैठक में पंचायत सचिव सनातन साहू, सोनू राम, पवन कुमार दास, राजू सिंह, संतोष राम, दीनू दास, पिन्टू रजवार, राजेश कुमार दास, मजबूल मलिक, बिनोद रवानी, ठाकुर दास, रंजीत रवानी,अजय रजवार जीतन दास,के साथ दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोजपा का जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह में लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज. कुमार राज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला भर के दिग्गज नेताओं ने भाग लिया। बैठक में पार्टी विस्तार को लेकर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया की पार्टी का विस्तार पंचायत स्तर तक लोगों को पार्टी में शामिल करते हुए करना है। बैठक के पश्चात शहर के प्रसिद्ध रिस्टोरेंट मधुबन वेजिस में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज. कुमार राज ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान झारखंड सरकार हरेक मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। हमारी पार्टी मांग करती है झारखंड सरकार से की राज्य में जल्द से जल्द युवा आयोग का गठन हो, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाय तब तक जब तक उसे कोई रोजगार उपलब्ध ना हो जाए, रा. ेजगार ऋण प्रक्रिया को सरल बनाया जाय, भाषा विवाद और स्थानीयता की नीति में उलझाना बंद किया जाय, सीएनटी एक्ट में संशोधन किया जाय सहित कई अन्य मांगों रखी गई। साथ ही यह भी कहा कि उक्त सभी मांगों को लेकर झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल से मिलकर प्रतिवेदन सौंपने का काम करेंगे। प्रेस क०न्फ्रेंस के दौरान लोजपा युवा अध्यक्ष लोजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष, लोजपा छात्र संघ अध्यक्ष, लोजपा छात्र संघ नेत्री, लोजपा जिला महासचिव सहित कई अन्य गणमान्य नेता मौजूद थे

## रामनवमी के दुसरा मंगला पर ओरिया मंदिर में हुआ पारंपरिक रूप से पूजा-आर्चना

**अपेम लाइव : ओरिया**



हजारीबाग सदर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरिया के शिवमंदिर प्रांगण में मंगलवार को रामनवमी के दुसरे मंगला के अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक रूप से पूजा-आर्चना किया गया। पूजा अर्चना के दौरान मंदिर परिसर में विधिवत घी का दीया जलाया गया। मंत्रों के साथ मंदिर में स्थापित भगवान की मुर्तियो व शिवलिंग को आरती दिखलाकर मंदिर में स्थित घंटी व ढोल बजाकर प्रसाद चढाया लगाया गया। इस क्रम में रामभक्तों ने भगवा झंडा लेकर जय श्री राम, जय बजरंग बली, जय भोलेनाथ के जयकारा लगाते हुए मंदिर परिसर का परिक्रमा भी लगाया। साथ ही जयकारो की अनुगूँज से मंदिर परिसर राममय हो गया। मौके पर विशेष रूप से समिति के अध्यक्ष सुधीर यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव शैलेश पासवान, उपसचिव गोविन्द यादव, कोषाध्यक्ष राजदीप कुमार, उपकोषाध्यक्ष बादल पा. सवान, पूजा मंत्री हरीश कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, जुलूस मंत्री निरंजन यादव, जितेन्द्र कुमार, अमित कुमार, जयपाल यादव, गणपत राम, मीडिया प्रभारी विजय यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष रो. हित कुमार, बंधन साव, दीपू ठाकुर, अजय कुमार, घनश्याम कुमार, रवि कुमार, मिथून गुप्ता, आदित्य यादव, टींकू यादव, संदीप कुमार, प्रकाश राणा, अनिल यादव, सुनील यादव, रंजीत यादव, धर्मेन्द्र साव, सौरभ कुमार, राजेश साव, उज्ज्वला कुमार, उमेश यादव, राजा कुमार, नीतीश कुमार, विक्की यादव, दीपक यादव, संजीत यादव, जितेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, राजू कुमार सहित कई गणमान्य सदस्य शामिल थें।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले नेता ने लगाया जेएमएम पार्टी पर कई गम्भीर आरोप

### जे एम एम माले के नाम पर बार बार कर रहा है झुठा प्रचार : राजेश सिन्हा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**


राजेश सिन्हा

जे एम एम अनजाने में लगातार कर रहा है एक ही गलती,किसी को माले कहने से एक बार जांच कर लेना बेहतर होगा आप जिनको माले कहते है वह माले के सदस्य नहीं है,माले दावा करता है। 'रा. जेश सिन्हा जे एम एम बड़ी पार्टी है झारखंड में सत्ता में है फिर भी किसी ने कह दिया कि माले के लोग ज०इन कर रहे है,विश्वास कर लेते है और मीडिया में बढ़ा चढ़ा के लिख देते है। जे एम एम को हम 'चुनौती देते हैं कि एक भी माले के सदस्य नहीं है ,माले में साल भर देखने के बाद कार्ड धारी होते है,इसलिए यह ओछी राजनीति है, ना किसी प्रोग्राम में आना ना किसी प्रोग्राम में जाना और किसी के कहने पर यह माले के लोग हैं ज्वाइन कर लेना यह सस्ती राजनीति है सदर विधायक को जांच कर लेनी चाहिए, वैसे जाने अनजाने में झारखंड मुक्ति मोर्चा माले का प्रचार कर रही है लेकिन दिन रात माले माले जिस प्रकार मीडिया के जरिए मैसेज दे रहे है दावे के साथ कह रहा हूँ कि माले का जनाधार बढ़ गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि 2-3 लोग जो माले में ज०इन किए थे 2 साल पहले उनकी सक्रियता सिर्फ कमाने खाने के लिए करते थे जिनको सचेत किया गया था वही,गलत मेसेज जे एम एम को दे रहे है,उसपर जाँच बैठानी चाहिए कि आखिर आप कैसे माले में थे पहले ईस बात की जानकारी प्राप्त करें,वरना सदर विधायक की छ्वी और जे एम एम के अधिकारी की भी बदनामी होगी श्री सिन्हा ने कहा माले का प्रचार करने वाले तमाम लोगो को धन्यवाद देता हूँ।

## चार अवैध आरा मीलों पर फिर हुई कार्रवाई, बड़ी मात्रा में लकड़ी जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में अवैध संचालित आरा मील पर छापेमारी करती वन विभाग की टीम

विष्णुगढ़ के बंदखारो, बलकमक्का तथा नागी के जंगलों में अवैध तरीके से चलाए जा रहे आरा मीलों पर बीते 26 मार्च को बड़ी कार्रवाई के बाद बुधवार को वन विभाग की टीम ने फिर छापेमारी की। जिसमें आरा मीलों में चीरान के लिए रखे बड़ी मात्रा में बोटा तथा चीरान लकड़ी जब्त किया गया। बुधवार को एसीएफ अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में प्रखंड के गोविन्दपुर स्थित दो आरा मीलों के अलावा गोलगो में एक तथा चेड़रा पंचायत में स्थित एक अवैध आरा मील पर छापा मारा। छापेमारी में विभिन्न लंबाई एवं मोटाई के साल समेत अन्य प्रजाति की अवैध इमारती लकड़ी जब्त की गई। टीम ने अवैध आरा मीलों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। वहीं, आरा मील में प्रयुक्त चक्का समेत हाथी मशीन, जेन. रेटर, प्लेट, आरा पत्ती आदि जब्त कर लिया। जब्ती के बाद सभी अवैध आरा मीलों को सील कर दिया गया। बताया जाता है कि बंदखारो, बलकमक्का, नागी के बाद प्रखंड के अन्य इलाकों में भी अवैध आरा मील के संचालन की सूचना मिल रही थी। इसी आलोक में एसीएफ अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुनः छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें रेंजर सुरेश राम, बगोदर प्रभारी वनपाल असलम अंसारी, विष्णुगढ़ वनपाल भुनेश्वर मंडल, टाटीझरिया प्रभारी वनपाल संजीत रविदास के अलावा सरिया, बगोदर तथा हजारीबाग वन प्रक्षेत्र के वनरक्षी शामिल थे। जब्त सभी लकड़ियों 10 ट्रैक्टर पर लादकर विष्णुगढ़ वन परिसर कार्यालय में रखा गया है। अवैध आरा मीलों के संच. ालकों में गोविन्दपुर के धनेश्वर महतो एवं जीवाधन महतो, गोलगो के जयलाल महतो पिता स्व. धरम महतो तथा चेडरा के कारू मिश्रा के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया। सभी आरोपी फरार हैं।

## अज्ञात वाहन के धक्के से मजदूर की मौत, जीटी रोड़ किया जाम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक पर कोयला ढ़ोने वाले मजदूर की मौत हो गई। मजदूर नरेश साव (42) पिता स्व. महाबीर साव प्रखंड के खरकी पंचायत अंतर्गत सिमरबेड़ा का रहने वाला था। घटना बुधवार के तड़के लगभग सवा चार बजे जीटी रोड़ औंरा में हुई। बताया जाता है कि घर की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण नरेश बाइक पर कोयला ढ़ोने का काम करता था। इसी कमाई से उसके घर का चूल्हा जल रहा था। बुधवार को जीटी रोड़ स्थित औंरा मोड़ के पास तेज गति से आ रहे एक वाहन के धक्के से उसकी घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। सूचना पर बगोदर पुलिस और परिजन भी मौके पर पहुंचे। आक्रोशित परिजनों ने जीटी रोड़ को लगभग एक घंटे तक जाम कर दिया। जाम का नेतृत्व शेख तैयब, राजेन्द्र मंडल आदि कर रहे थे। बगोदर और पीरटांड की पुलिस मौके पर परिजनों एवं उनके आश्रितों को उचित मुआवजा तथा धक्का मारने वाले अज्ञात वाहन की पहचान कर सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर जाम हटाया गया। इसके उपरांत शव को बगोदर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार शाम को शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के तीन पुत्री व एक पुत्र है। जिसमें दो विवाहिता पुत्री है। घटना के बाद पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत के बाद आश्रितों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना पर बगोदर विधायक बिनोद कुमार सिंह ने दुःख प्रकट करते हुए परिजनों को यथासंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## अंबा प्रसाद ने हजारीबाग की अति प्राचीन श्री राम जानकी मठ बड़ा अखाड़ा पहुंच कर प्रभु श्री राम के समक्ष मत्था टेका एवं क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की

### हजारीबाग रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर उठाए गए मामले पर राम भक्तों ने किया साधुवाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग की अति प्राचीन श्री राम जानकी मठ बड़ा अखाड़ा पहुंच कर प्रभु श्री राम के समक्ष मत्था टेका एवं क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की।बड़ा अखाड़ा पहुंचने पर मौजूद राम भक्तों ने गर्मजोशी से विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया एवं महंत बिजयानंद दास ने रामनाम चादर उड़ाकर विधायक को सम्मानित किया।सभी ने विधायक अंबा प्रसाद द्वारा विधानसभा से लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष रामनवमी जुलूस के अनुमति को लेकर किए गए प्रयासों को सराहा तथा साधुवाद किया।इस अवसर पर अंबा प्रसाद ने समस्त हजारीबाग वासियों से अपील किया कि सभी प्रभु श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में राम नवमी का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएंद्य मौके पर बड़ा अखाड़ा के महंत बिजयानंद दास,शशि भुषण केशरी,मनीष शर्मा, दयानंद र०य, दीप प्रकाश नारायण, सुनील चंद्रवंशी,अबोध कुमार, आलोक कुमार, राज कुमार,अमर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## शनि के हाथों में होगी नव संवत्सर का कमान मंत्रिमंडल में शामिल रहेंगे पांच ग्रह : ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

**अपेम लाइव : इटखोरी**



माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं की इस वर्ष 2 अप्रैल 2022 दिन शनिवार से नव सवंत्सर प्रारम्भ होगा जो राक्षस नामक सवंत्सर के नाम से पूरे वर्ष जाना जाएगा हिंदी पञ्चाङ्ग के अनुसार यह संवत 2079 व शकरु 1944 होगा जिसके राजा शनि हैं जिनको नीतिशास्त्र के विद्वान ज्योतिष न्याधीश बताते हैं और वहीं गुरु को सबसे शुभ ग्रह माना गया है वहीं बताते चलें कि वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी दिन गुरुवार अंग्रेजी तारीख अनुसार 28 अप्रैल 2022 को नल नामक सवंत्सर का प्रवेश होगा लेकिन नित्य संकल्पादि विनियोग में राक्षस नामक संवत्सर का ही प्रयोग होगा अतः इस वर्ष राजा शनि व मंत्री गुरु होने के परिणामस्वरूप केन्द्र व राज्य के मध्य सवैंधानिक नीति तथा जन अधिकारों को लेकर मतभेद होगा विश्व के किसी प्रमुख राष्ट में परिस्थितियां जन अनुकूल नहीं होगी प्रमुख राष्ट अध्यक्षों तथा नेतृत्व व गंभीर आरोप तथा अपमान होगा आपातकालीन व्यवस्था के विरुद्ध जन आंदोलन तथा असहयोग होगा प्रमुख राष्टों के मुद्रा विनियोग पर प्रतिकूलता होगी विकसित राष्टों पर ऋणभार। शिशुओं बालकों को ज्वरादि रोग से क्षति होगी स्त्रियों के प्रति अपराध बढ़ने की प्रबल संभावना है जलिये आपदा व किसी खदान दुर्घटना में जन धन की क्षति सम्भव शिक्षण संस्थानों में अराज. कता होगी किसी विशिष्ट वृद्ध व्यक्ति के निधन का शोक होगा विश्व के प्रमुख शेयर बाजारों में अस्थिरता होगी वित्त संथान में कपट की घटनाएं व संसाधनों की क्षति होगी व तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगा क्रूड अ०यल के अल्प मूल्य वृद्धि सम्भव प्रमुख राष्ट के मध्य शांति वार्ता असफल होगी सीमाओं पर युद्ध जनित परिस्थितियां तथा सैन्य संघर्ष सम्भव परिवहन तथा संचार क्षेत्र में प्रगति होगी भारत के शिक्षण संस्थानों व चिकित्सालय सरकारी कर्मचारियों तथा स्त्रियों के कल्याण हेतु कार्य होंगे राष्ट्रीय सुरक्षा में अत्यधिक व्यय तथा विशेष प्रावधान होगा जीवन उपयोगी औषधियों के मूल्यों को समायोजित किया जाएगा केंद्र द्वारा आर्थिक सुधार हेतु कठोर निर्णय लिए जाएंगे वहीं ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा के अनुसार इस वर्ष का मंत्री मण्डल राजा शनि के अलावे सामिल रहेंगें पांच ग्रह जिसमे मन्त्री-गुरु, सस्येश-सूर्य, दुर्गेश-बुध, धनेश-शनि, रसेश-मंगल, धान्येश-शुक्र, नीरसेश-शनि, फलेश-बुध, मेघेश-बुध रहेंगे। संवत्सर का निवास कुम्हार का घर एवं समय का वाहन घोड़ा है वहीं वैदिक हिंदू परंपरा और सनातन काल गणना में चौत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर नववर्ष की शुरुआत होती है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन ब्रह्माजी ने समस्त सृष्टि की रचना की थी इसी कारण से हिंदू मान्यताओं में नए वर्ष का शुभारंभ होता है

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी